जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का 7 से 13 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम अन्धारवाड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोंडी नृत्य, देशभक्ति गीत, भजन और स्वच्छता पर नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। तीसरे दिन परियोजना कार्य में जल संरक्षण और स्वच्छता की थीम पर ग्राम में साफ-सफाई कर पन्नी एकत्रित कर जगह-जगह हैंडपंप के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया। इसके साथ ही लोगों को समझाइश दी गई कि सड़कों पर गंदा पानी न फैलाएं। बौद्धिक सत्र में जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को लेकर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीपी साहू ने बताया कि पर्यावरण और हम एक दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा देश हमें देता है सब कुछ हमें भी तो कुछ देना चाहिए। मुख्य अतिथि ग्राम अन्धारवाड़ी के सहायक शिक्षक भगवान दास वाड़िवा ने उनके जीवन के अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को लेकर साफ सफाई के विषय में जानकारी दी। मुख्य वक्ता युवा कृषक एवं समाजसेवक प्रदीप निर्मिते ने पर्यावरण से संबंधित रासायनिक खेती की अपेक्षा जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया।

## बांसपानी में छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का बांसपानी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविरि के चौथे दिन परियोजना कार्य में स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामीणों को अपने घरों के आस-पास स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। दीवारों पर नारे लेखन, रैली के माध्यम से गांव के नागरिकों को शासन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी। बौद्धिक सत्र में यूथ हॉस्टल के पूर्व सचिव द्वारा टेकमन गोमडे द्वारा स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से जानकारी बताई, यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बारे में भी विस्तार से किस प्रकार काम करते हैं वो भी जानकारी प्रदान की गई।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32

## Newspaper report ofEnvironment Awareness Programme

# पर्यावरण में सुधार ही भविष्य तय करेगा



जेएच ई न्यूज, बैतूल। [illegible] बैतूल में [illegible] विभाग राष्ट्रीय सेवा [illegible] के आदेश के [illegible] डॉ.विजेता चौबे, [illegible] वर्मा, रासेयो के [illegible] डॉ.सुखदेव डोंगरे, [illegible] डॉ.जोगी साहू, [illegible] उपस्थिति में [illegible] जामुन, [illegible] बदाम, कटहल के 50 पौधे का [illegible] किया गया।

इस मौके पर [illegible] कि कोविड 19 [illegible] उद्योग बंद हुए [illegible] सुरक्षा कवच [illegible] हुआ है। प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि पौधे [illegible] और उनकी [illegible]

[illegible]



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:13:12

# SwachhataPhakwadaCelebration 2020

## September 2020



बैतूल। जेएच कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रासेयो
के रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा सफाई की गई।


Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:35:22

## SwachhataAbhiyan by NCC Students

## November2020



# एनसीसी कैडेट्स ने जेएच कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

के विद्यार्थी स्वच्छता के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा छात्र एनसीसी

बटालियन डॉ. कमलेश अहिरवार के नेतृत्व में सक्रियता के साथ में 26 जनवरी को दिल्ली परेड

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
09.08.2023

# Swachchata Abhiyan-2019 Celebration by Professors & Studentsat college premises









Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:38:22

# Swachha Bharat Mission by NSS and Eco Club Students



## Lecture by Dr. SukhdevDongre on Swachha Bharat Mission

# स्वच्छ भारत मिशन संत गाडगे ने प्रारंभ किया था: डॉ. सुखदेव डोंगरे

जेएच ई न्यूज, भडूस। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में वैष्णवी महाविद्यालय भडूस में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संत गाडगे बाबा की जयंती के अवसर पर 'मजबूत लोकतंत्र में संविधान की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्राचार्य डॉ. रितु चौहान, प्रो. कल्पना लोखंडे, प्रो. पूजा गीद की उपस्थिति में संपन्न हुई। संगोष्ठी का संचालन प्रो. रवि कुमार गाडगे तथा आभार प्रकट प्रो. भारती ओमकार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संत गाडगे बाबा के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। जेएच कॉलेज के प्रोफेसर



डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन पर बहुत ज्यादा जोर दे रही है, जिसकी शुरूआत संत गाडगे बाबा ने कई सालों पहले प्रारंभ की थी।

भारत में लोकतंत्र मजबूत करने के लिए संविधा जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है प्रत्येक घर में संविधान की पुस्तक होना चाहि डॉ. रितु चौहान ने कहा महिलाओं को शिक्षा ए समानता का अधिकार संविधान से मिला भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरल नेहरू ने भारत के संविधान का जनक भीमराव अंबेडकर को बताया था। संगोष्ठी सफल बनाने में छात्र-छात्रा अभिषेक चौ सुधांशुसिंह चौहान, दिलीप टिटवारे, राहुल प अलकेश प्रजापति, कुणाल मालवी, आ उईके, महक चंदेल, अंकित सोनी, तृप्ति सुखवंती वरकडे, माधुरी माकोडे, मनीषा शिवानी चौहान का सक्रिय सहयोग रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:22

## Plantation by Pro.H.K.Varma and staff Members





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:35:12

# हरिभूमि

भोपाल - बैतूल-हरदा भूमि

2 Aug 2020

## जेएच कॉलेज में पौधरोपण कर प्रोफेसर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# सौ पेड़ लगाकार कॉलेज में 43 साल की यादें सहेजने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज >> बैतूल

जीवन के 43 साल जिस संस्थान में बिताए उनकी यादों को जीवनभर के लिए स्मरणीय बनाने एवं अन्य लोगों के अच्छे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रोफेसर ने कॉलेज कैंपस में सौ पौधे लगाकर पर्यावरण जागरूकता एवं सभी की खुशहाली का संदेश दिया। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत वर्मा 43 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। विधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करने पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के साथ मिलकर सभी ने सौ पौधों का रोपण किया।



पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, डॉ. महेश मेहता, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. सलील दुबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. बीडी नागले, डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में वनस्पति विभाग द्वारा मप्र शासन के निर्देशानुसार लॉकडाउन का तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाकर बहुत ही कम लोगों की उपस्थिति में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा डॉ. हेमंत वर्मा को जीपीएफ एवं ग्रुप इंश्योरेंस संबंधी पत्रकों की फाइल सौंपी तथा शाल, श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि डॉ. हेमंत वर्मा का अध्ययन एवं अध्यापन के प्रति लगाव है। डॉ. अल्का पाण्डे ने कहा डॉ. हेमंत वर्मा एक अच्छे मार्गदर्शक तथा समस्या निवारक हैं। डॉ. सलिल दुबे ने कहा डॉ. हेमंत वर्मा सरल स्वभाव के धनी हैं। डॉ. बीडी नागले ने कहा डॉ. हेमंत वर्मा शांतिप्रिय स्वभाव वाले हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा डॉ. हेमंत वर्मा एक उम्दा शिक्षक, मार्गदर्शक एवं पर्यावरणविद हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना दुबे तथा आभार प्रकट विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का पाण्डे द्वारा किया गया। जेएच कॉलेज में आयोजित बिदाई तथा वृक्षारोपण समारोह में डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. अर्चना सोनारे, डॉ. मनोज घोरसे, निखिल जमगढ़े, दिलीप नागेल, खुशीलाल मोही, शैलेंद्र वाईकर, राजेश झाड़े तथा सतीश उईके ने सक्रिय सहयोग दिया।

### औषधी और फलदार पौधे लगाए

शिक्षा के लिए पेड़ों का भी बहुत महत्व है। इसलिए जेएच कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा में काम आने वाले पौधों का रोपण किया गया। इसके अलावा औषधीय गुणों से भरपूर एवं फलदार पौधे भी लगाए गए। पौधरोपण के दौरान हर्रा, बेहड़ा, आंवला, कडू नीम, बेल, अशोक, अगस्त, गुलमोहर, आम, कदम, जासवन, टेकोमा के पौधे रोपे गए।

---

# सौ पेड़ लगाकार कॉलेज में 43 साल की यादें सहेजने का प्रयास

## सेवानिवृति पर प्रोफेसर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बैतूल,** सांध्य दैनिक खबरवाणी

जीवन के 43 साल जिस संस्थान में बिताए उनकी यादों को जीवनभर के लिए स्मरणीय बनाने एवं अन्य लोगों के अच्छे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रोफेसर ने अपने रिटायरमेंट पर सौ पौधे लगाकर पर्यावरण जागरूकता एवं सभी की खुशहाली का संदेश दिया। इस अवसर पर साथी प्रोफेसर एवं कॉलेज के स्टॉफ ने उन्हें तोहफे दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जेएच कॉलेज बैतूल के वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत वर्मा 43 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।

उन्होंने 1 अगस्त 2020 को विधिवार्षिकी सेवा पूर्ण की। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के साथ मिलकर सभी ने सौ पौधों का रोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.महेश मेहता, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.आभा वर्मा, डॉ.सलील दुबे, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.बीडी नागले, डॉ.सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में वनस्पति विभाग द्वारा मप्र शासन के निर्देशानुसार लॉकडाउन का तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाकर बहुत ही कम लोगों की उपस्थिति में बिदाई समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य द्वारा डॉ.हेमंत वर्मा को जीपीएफ एवं ग्रुप इंश्योरेंस संबंधी पत्रकों की फाइल सौंपी तथा शाल, श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि डॉ.हेमंत वर्मा का अध्ययन एवं अध्यापन के प्रति लगाव सराहनीय और अनुकर्णीय है।

डॉ.अल्का पाण्डे ने कहा डॉ.हेमंत वर्मा एक अच्छे मार्गदर्शक तथा समस्या निवारक हैं। डॉ.एमके मेहता ने कहा वे अच्छे मित्र एवं अच्छे कलिग रहे हैं। डॉ.अनिता सोनी ने बिदाई के अवसर पर कविता सुनाकर सबको आत्मविभोर कर दिया। डॉ.आभा वर्मा ने कहा डॉ.हेमंत वर्मा घर और महाविद्यालय दोनों ही जगह अच्छे इंसान साबित हुए। डॉ.सलिल दुबे ने कहा डॉ.हेमंत वर्मा सरल स्वभाव के धनी हैं। डॉ.बीडी नागले ने कहा डॉ.हेमंत वर्मा शांतिप्रिय और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी हैं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा डॉ. हेमंत वर्मा एक उम्दा शिक्षक, मार्गदर्शक एवं पर्यावरणविद हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अर्चना दुबे तथा आभार विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का पाण्डे द्वारा व्यक्त किया गया। जेएच कॉलेज में आयोजित बिदाई तथा वृक्षारोपण समारोह में डॉ.अर्चना मेहता, डॉ.अर्चना सोनारे, डॉ.मनोज घोरसे, निखिल जमगढ़े, दिलीप नागेल, खुशीलाल मोही, शैलेंद्र वाईकर, राजेश झाड़े तथा सतीश उईके ने सक्रिय सहयोग दिया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:8?:12

# Five Laxhmitaru plant donated by art of living members to Eco Club




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:33:22

# Plantation by Teaching Staff Members and Students








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:22





29/10/2021






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:12




















Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023











Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:53:22

# Plantation - Per Person Per Plant





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:12




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:[illegible]




















Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52:12

## Lecture by Dubey - Laxmitaru

# लक्ष्मीतरु कैंसर, मधुमेह के लिए चमत्कारिक पौधा : दुबे

बैतूल| जेएच कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय हरित योजना के अंतर्गत गठित इको क्लब द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में हेमंतचंद्र दुबे ने लक्ष्मीतरु औषधीय पौधे का महत्व बताकर जानकारी दी। उन्होंने बताया यह पौधा कैंसर जैसी भयावह बीमारी में ही नहीं बल्कि अन्य कई बीमारियों जैसे मधुमेह, एसिडिटी, घाव आदि में भी चमत्कारिक परिणाम देता है। कार्यक्रम की संयोजक इको क्लब की प्रभारी डॉ. अलका पांडे ने कहा यह व्याख्यान केवल किताबी ज्ञान नहीं है। डॉ. राकेश तिवारी ने कहा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और हम प्रकृति के जितने नजदीक रहेंगे उतने स्वस्थ रहेंगे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52

## Plantation by Shri Narouttam Mishra, Minister OF Water Resources on 02/07/2017



02 जुलाई 2017 को वृक्षारोपण करते हुये मान. जलसंसाधन
मन्त्री श्री नरोत्तम मिश्रा, मान. सांसद श्रीमति ज्योति धुर्वे
मान. रोजगार निर्माण बोर्ड अध्यक्ष हेमन्त विजयराव देशमुख
मान. विधायक श्री हेमन्त खण्डेलवाल, मान. विधायक
चैतराम मानेकर, मान. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुरजलाल
जावरकर, मान. नगरपालिका अध्यक्ष श्री अलकेश आर्य
जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश फाटे मान. कलेक्टर
श्री शशांक मिश्रा मान. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
श्री सौरभ सुमन, मान. पुलिस अधीक्षक राकेश जैन
प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी.

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32

**Cleanliness programme by NSS students at Ankavadi Camp**

## 4.Beyondthe campus environmental promotional activities 7/3/2022 to 13/3/2022 Seven Days Camp inAnkavadi



# गांव में चलाया सघन स्वच्छता अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

जेएच ई न्यज, बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का 7 से 13 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम व अनकवाड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें ग्राम की मुख्य गलियों की साफ सफाई की और जगह जगह पर पन्नी एवं प्लास्टिक एकत्रित कर निदान किया।

इसके बाद बौद्धिक सत्र में डॉ.जीपी साहू सर ने शिविर का प्रतिवेदन पढ़ा और सभी शिविरारथीयो को गांव में अधिक से अधिक जन जागरूकता करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक किशोरीलाल नरवरे ने कहा कि आप सभी स्वयंसेवकों इस ग्राम के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं जिससे हमारे बच्चे भी सीखेंगे। सहायक शिक्षक नारायण सिंह नगदे ने यह युवाओं को प्रेरित करने के लिए गीत कि माध्यम से प्रेरित किया। प्रभारी पाठक कन्हैया लाल साहू, शिवकुमार तिवारी, शिक्षक राजेश सिनोदिया, कृष्णा अनघोरे, सहायक शिक्षक सन्तुन दास और ग्राम कोटवार सुखनंदन जावलकर, ग्राम पटेल सुभाष यादव उपस्थित थे।

दलनायक नवीन नागले ने कार्यक्रम संचालन किया उपदलनायक अमित मालवी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक कन्हैया अमरुते, अभय वामनकर, अर्जुन धाडसे, सुशीलराज नागले दिव्यांश पल्लेवार, पवन प्रजापत, नितेश यादव, आशीष परते, रजत लबड़े, आयुष सिलधरे, जितेंद्र यादव, गुलशन वाघमारे, वंश पाटणकर, मुनेश्वर भारती, कंचन बीजोड़ें, विपुल मायाड, गजानन अमरुते आदि मौजूद थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52

## Awareness drive for Personal Heath, Public Health and Personal Hygeine at NSS Camp

**08 March 2022Seven Days Camp Barsali**

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ



**प्रादेशिक जनमत,** बैतूल

राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज बैतूल पुरूप इकाई का स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम को लेकर सात दिवसीय विशेष शिविर अखंड भारत के केन्द्र बिंदु बरसाली में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने हरी झंडी दिखाकर दल को विदा किया। जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, शिविर प्रभारी सलिल दुबे व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने शिविर की थीम और नियम आदि के विषय में शिविरार्थियों को अवगत कराया। प्रो.शिवप्रकाश पंवार व प्रो.मनोज घोरसे ने बताया कि शिविर का आयोजन कोरोना की गाईड लाईन का पालन करते हुए आयोजित किया जा रहा है। डॉ.एकनाथ निरापुरे व डॉ.मनोहर गावंडे ने बताया शिविर में कोरोना जागरूकता, मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, जल संरक्षण आदि बिषयों पर गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डॉ.अनिता सोनी व डॉ.अल्का पांडे ने बताया कि प्रथम दिन स्वयंसेवको द्वारा शिविर परिसर में स्वच्छता अभियान और भोजन शाला का निर्माण किया गया। गुलाब राव कनाठे व पूर्व दलनायक संजय उइके ने बताया कि शिविर में दलनायक योगेश्वर पहाड़े व उपदलनायक दुर्गेश कुमरे ने बताया कि शिविर में 40 स्वयंसेवक सहभागिता कर रहें हैं।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:12

## Cleanliness program in NSS Camp

### 09 March 2022

# एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज बैतूल की पुरुष इकाई का स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम को लेकर महाविद्यालय स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अनकवाड़ी के माध्यमिक शाला परिसर में किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि शिविर में जा रहे विद्यार्थी मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग की थीम जन स्वास्थ एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई को लेकर ग्राम अनकावाडी में लोगों को जागरूक करेंगे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रैली के माध्यम से दीवारों पर स्लोगन लेखन के माध्यम से गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.विजेता चौबे, डॉ.सलील दुबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्राध्यापक डॉ.शिवदयाल साहू प्रो. राजेश शेषकर, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.संतोष पवार, प्रो.शिव प्रकाश पवार, प्रो.नीरज धाकड़ महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, पूर्व दल नायक योगेश्वर पहाड़े ने दल को रवाना किया। डॉ.जीपी साहू के मार्ग दर्शन में शिविर संचालित किया जाएगा। सतीश वाडिवा, एवं गुलाब कनाटे शिविर में सहयोग करेंगे शिविर में दल नायक नवीन नागले उपदलनायक अमित मालवीय रहेंगे। इस अवसर पर कन्हैया अमरुते, अक्षय मालवीय, अभिषेक पवार, कंचन बजोड़ें, नितेश अमरुते, विपुल मायवाड, मुनेश्वर भारती, सुमित पोटे, सिद्धार्थ यादव, लक्ष्मण यादव आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:53:22

## January 21

# प्रकृति का बेजा दोहन किया तो गंभीर परिणाम आएंगे




**प्रादेशिक जनमत,** बैतूल

जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बरसाली में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन गांव में प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। शिविर में परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों ने ग्राम में सोख्ता गड्ढों का निर्माण करते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बैद्धिक सत्र पर्यावरण संरक्षण विषय पर रामनारायण शुक्ला, प्राचार्या बीआर हजारे, प्रो.शिवप्रसाद पंवार, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, टीआर उइके, संजय उइके की उपस्थिति में और कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर रामनारायण शुक्ला ने पर्यावरण सरंक्षण पर अपना उद्बोधन देते हुए बताया कि लक्ष्मीतरू के पौधे का उपयोग कैंसर के साथ अन्य घातक बीमारियों को दूर करने में सहायक है और ऐसे ही प्रकृति ने हमें अनेक अनमोल औषधियां निःशुल्क दी हैं। बीआर हजारे ने अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान के विषय में जानकारी दी। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण प्रदषुण को लेकर चिंतित है और हमें इस समस्या से निपटने के लिए प्रकृति का उचित दोहन करना होगा नहीं तो गंभीर परिणाम सामने आएंगे। विषय पर प्रो.शिवप्रसाद पंवार व प्रो.राहुल सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन कन्हैया अमरूते व आभार उपदलनायक दुर्गेश कुमरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, दुर्गाप्रसाद मोरले, अमित मालवी, बालकिशोर अमरूते, मिलिन्द मस्तकर, लक्ष्मण परते, विमास सलामे, कमल कुमरे, आकाश अजनेरे, अक्षय मालवी, अभिषेक पंवार, अंकेश बारस्कर, अरूण बागवे का सराहनीय योगदान रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52

# Dana PaniAbiyan conducted by NSS Students

## April 2021



# एनएसएस के छात्र पक्षियों के लिए चला रहे दाना-पानी अभियान

### राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने पेड़ों और बालकनी में बांधे सकोरे

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होते ही पशु पक्षी दाना पानी के लिए भटकते रहते हैं। यह हम सभी का दायित्व है कि हम इनके लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जेएच कॉलेज प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे,कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू एवं प्रतिभा चौरे के मार्गदर्शन में अपने गांव-नगर में दाना-पानी अभियान चला रहे हैं। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निरंतर रचनात्मक कार्यों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व करते हैं। स्वयंसेवकों द्वारा चलाया जाने वाला दाना पानी अभियान नितांत आवश्यक और प्रेरक है। रासेयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कोरोना महामारी के दौर में जिस प्रकार गरीबों को सहायता की आवयकता है। उसी प्रकार पशु पक्षियों को दाना पानी की जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने कहा जो प्राणी बोल नहीं सकते इनके लिए दाना पानी अभियान स्वयंसेवकों की अच्छी पहल है। डॉ.प्रतिभा चौरे ने कहा कि यह स्वयंसेवकों की अच्छी और प्रेरक पहल है। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक शिक्षा के द्वारा समाजसेवा एवं समाजसेवा द्वारा शिक्षा के लिए कार्य करते हैं। पूर्व दलनायक संजय उइके ने बताया कि दाना पानी अभियान को सफल बनाने में दलनायक योगेश्वर पहाड़े, उपदलनायक दुर्गेश ुमरे, दलनायिका अंजली सोनारे, दुर्गाप्रसाद मोरले, अक्षय मालवी, हिमांशु पाटिल, नवीन नागले, बालकिशोर अ लक्ष्मण परते, भूषण भावसार, आकाश अजनेरे, स साहू, निधि सुजाने, रोशनी उघड़े, काजल मालवी, सराठे, सरिता चोटेले, दिक्षा चौकीकर, वर्षा रावत, सातपुते, कविता वाड़बुदे, सीमा परते, ललीता पारधे, सरियाम, रोशनी साहू, रंजीता सरयाम, रेशमा टिटवारे, हजारे, दिलीप टिटवारे, आकाश उइके, प्रिंस गोरिया, उइके, रोहित उइके, भावना मानकर, हर्षिता साहू, गायकवाड़, शांति पंवार, प्रियंका पंवार आदि स्वयंसे सराहनीय योगदान रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023

जयवन्ती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (मप्र)

**Jaywanti Haksar Government Post Graduate College, Betul (MP)**

Office: Civil Lines, Betul- 460001 Tel: 07141- 234244

E-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.inWebsite: www.jhgovtbetul.com

## Environment Awarenessprogramme

## January 2021



# पर्यावरण के प्रति किया जागरूकत, कैनवास पर उकेरे चित्र

जेएचई न्यूज, बैतूल। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जेएच कॉलेज की एनसीसी विंग द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कैडेट्स ने बताया कि हम और आप सभी मिलकर अपने गांव कस्बे, मोहल्ले और नगरों में दूसरों को प्रेरित करते हुए पौधारोपण कर प्राकृतिक को हरा भरा कर विश्व पर्यावरण दिवस के उद्देश्य को सफल बनाएं वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ, वृक्ष धरा के भूषण है करते दूर प्रदूषण है।



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:22

## Construction of Check dem by NSS students atGram Bagli River



JH E News

ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2021

# स्वयंसेवकों ने कड़ी मेहनत से किया चैक डैम का निर्मा

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बरसाली में चल रहा है। शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवकों के परियोजना कार्य अंतर्गत पत्थरों से चेक डैम का निर्माण किया गया। जिसके बाद बौद्धिक सत्र रासेयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कृष्णा अतुलकर, प्रो.एसके शुक्ला, प्रो.युगलकिशोर सरले, प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.शिव चौधरी, डॉ.जीपी साहू, प्रो.आरएस ठाकुर, प्रो.शिवप्रसाद पंवार, के आतिथ्य में और दुर्गाप्रसाद मांरले, भूषण भावसार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने जल के महत्व से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। कोरोना के प्रति जागरूकता विषय पर प्रो.युगल किशोर सरले ने कहा कि इस शिविर में 35 गांव के स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे हैं। वे संकल्प ले कि अपने गांव जाकर कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। प्रो.मनोज घोरसे ने कहा कि मास्क लगाए और दूसरों को भी प्रेरित करें जिससे कोविड ही नहीं बल्कि अन्य बीमारियों से सुरक्षा होती है। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि कोरोना से बचना बहुत ही आसान है आपको बस मास्क लगाना है, भीड़ भाड़ से दूर रहते हुए हाथ बार-बार धोना है। रात्रिकालीन बेला मे स्वयंसेवकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंच संचालन बालकिशोर अमरूते ने व आभार उपदलनायक दुर्गेश कुमरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक योगेश्वर पन्द्रे, हिमांशु पाटिल, नवीन नागले, अक्षय मालवी, कन्हैया अमरूते, अंकेश अमित मालवीय, विहास सलामे सोनी, देवेन्द्र साहू, संदीप कुमरे, पवन मत्रासे, आ अभिषेक पंवार, अंशुल चन्द्रशेखर देशमुख का यो



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:53:22

## Dana PaniAbiyan conducted by NSS Students

**01/04/2020**



# स्वयंसेवक पशु-पक्षियों के लिए चला रहे दाना-पानी अभियान

## जेएच कॉलेज की रासेयो इकाई ने जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान

बैतूल। कोविड-19 कोरोना वायरस ने पूरे विश्व को घरों में बंद कर दिया है। ऐसे में पशु-पक्षियों को भी इस महामारी ने हताहत किया है, खासकर जो पशु-पक्षी हमारे घरों के आस-पास और हमारे आस-पास रहते हैं इस भीषण गर्मी के समय में वे प्यासे भी हैं और उन्हें दाने की भी जरूरत है। ऐसे में जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला-एवं पुरुष इकाई ने इनका जीवन सुरक्षित करने की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया के माध्यम से जो जहां है वहीं पर दाना-पानी अभियान अपने-अपने घरों में रहकर चला रहे हैं। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व कॉलेज के अन्य विद्यार्थी द्वारा प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, व डॉ. प्रतिभा पांडे के मार्गदर्शन में रासेयो छात्र-छात्राएं अपने अपने क्षेत्रों में कोरोना के संबंध में जागरूकता के प्रयास कर रहे हैं। कोरोना जागरूकता के लिए इकाई के स्वयंसेवक अपने-अपने घरों के परिसर में पशु व पक्षियों हेतु जल व अन्न की व्यवस्था कर रहे हैं। घर की खिड़की में, आंगन में पेड़ों, बालकनी आदि जगह पर सकोरे रख रहे हैं। पक्षियों हेतु पानी पीने के लिए व्यवस्था दाना-पानी रख रहे हैं। अपने आस -पास पालतू या आवारा पशुओं को भी खाने व पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। वरिष्ठ स्वयंसेवक ललित तायवाड़े बताया कि कोरोना वायरस जागरूकता हेतु इकाई के सभी स्वयंसेवक को पूर्ण रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उन्हें सोशल मीडिया, वाट्सएप, फेसबुक के जरिए बताया जाना है यह भी बताया जा रहा है। एनएसएस के स्वयंसेवक अंजलि सोनारे, ज्योति धोटे, गायत्री मालवीय, शीतल कोल, महिमा मावरोड़े, प्रवीना लोखंडे, निधि राजपूत, प्रवीणा लोखंडे, भावना भालेकर, गायत्री नागले, संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, अक्षय मालवीय, प्रकाश उइके, प्रफुल्ल गावंडे, ललित तायवाड़े सभी मिलकर पूरे जिले में जो जिस तहसील, गांव में हैं वहां पर दाना पानी अभियान चला रहे हैं।

- Volunteers of J. H. College started new campaign as "DANA-PANI Campaign" for animals and birds. Due to hot summer season and pandemic Covid-19 time, animals and birds didn't get sufficient food and water, so volunteers started this campaign at their homes to provide food and water to them.


Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52

# Cycle Rally for Environment Awareness by college Students

**16/01/2020**


फिट इंडिया और पर्यावरण का संदेश देकर निकाली तीन किमी साइकिल रैली

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:22

# Newspaper Report on water conservation by Dr. Sahu (News)

**28/02/2020**

28 फरवरी 2020 « वर्ष-23 « अंक-39 « आर.एन.आई.नं. 69078/98

## जल का कोई विकल्प नहीं है : डॉ.साहू



बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। जेएच कॉलेज की पुरूष इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम चिखली आमढाना में संचालित किया जा रहा है। शिविर के पांचवे दिन प्रातः गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। शिविर में परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर में पौधारोपण कार्य हेतु दो फिट के 30 गड्ढों का निर्माण किया।

बौद्धिक सत्र जल का महत्व विषय पर प्रो.मनोज घोरसे, डॉ.मनोहर गावंडे, डॉ.शिवप्रकाश पंवार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रो.मनोज घोरसे द्वारा पर्यावरण व जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए एनएसएस की जानकारी साझा की व अपने स्वयं के राज्य स्तरीय कैम्प के अनुभव साझा किया। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि जल का जरूरत सिर्फ मानव को ही नही बल्कि विश्व के प्रत्येक ऐसी इकाई को है जिसमें जीवन है चाहे वह जानवर हो या पेड़-पौधे। डॉ.साहू ने कहा कि जल का उत्पादन तो नहीं किया जा सकता है इस व्यर्थ बहने और दुर्पयोग से बचाया जा सकता है क्योंकि जल का कोई विकल्प नहीं है। मंच संचालन सतीष सलामें ने व आभार दलनायक संजय उइके ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआर वागद्रे, उपदलनायक निलेश भुसुमकर, दुर्गेश कुमरे, सेवमन शाह, राजा धारसे, राजकुमार मर्सकोले, शालिग्राम, अक्षय मालवी, शानु चौहान, हिमांशु पाटिल आदि स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:22

**16/01/2020**



जे.एच. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

दिनांक 16 जनवरी से 31 जनवरी 2020 7

## प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने हरी झंडी दिखाकर महिला इकाई का दल रवाना किया

### स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम को लेकर ग्राम सेलगांव में एनएसएस शिविर का आयोजन

# Newspaper Report of BoriBandhan by NSS Students atMachna River

## February 2020



जे.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

# शासेयो के विद्यार्थियों ने माचना नदी में किया बोरी बंधान

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:12

## Newspaper Report of SwachataAbhiyan

## April 2019



# प्रकृति संरक्षण का कोई संस्कार अखंड भारतभूमि को छोड़कर अंयत्र देखने में नहीं आता

# नुक्कड़ नाटक, पर्यावरण संरक्षण के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश

**जे.एच.ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरूष इकाई का 28 मार्च तक ग्राम सिहारी में चलने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के छटवें दिन स्वयंसेवकों स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एड्स जागरूकता, स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम रैय्यतवाड़ी, सिहारी, धाराखोह आदि स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। रासेयो स्वयंसेवक केशव लविशकर द्वारा कोरकू भाषा में ग्रामवासियों को स्व%छता और वोट का संदेश देते हुए स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण विषय पर बौद्धिक सत्र घटते जल स्तर पर बौद्धिक सत्र डॉ.वीएस चौहान, श्रीमती अनिता नागले, सुश्री प्रियंका साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.वीएस चौहान ने कहा कि आज ऐसा कोई देश नहीं है जो पर्यावरण संकट पर मंथन नहीं कर रहा हो। भारत भी चिंतित है। पेड़ काटकर जंगल के कांक्रीट खड़े करते समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि इसके क्या गंभीर परिणाम होंगे? प्रकृति को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए पश्चिम में मजबूत परंपराएं भी नहीं थीं। प्रकृति संरक्षण का कोई संस्कार अखण्ड भारतभूमि को छोड़कर अन्यत्र देखने में नहीं आता है। जबकि सनातन परम्पराओं में प्रकृति संरक्षण के सूत्र मौजूद हैं। हिन्दू धर्म में प्रकृति पूजन को प्रकृति संरक्षण के तौर पर मान्यता है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है। ग्रह नक्षत्र, पहाड़ और वायु देवरूप माने गए हैं। प्राचीन समय से ही भारत के वैज्ञानिक ग षि-मुनियों को प्रकृति संरक्षण और मानव के स्वभाव की गहरी जानकारी थी। वे जानते थे कि मानव अपने क्षणिक लाभ के लिए कई मौकों पर गंभीर भूल कर सकता है। अपना ही भारी नुकसान कर सकता है। इसलिए उन्होंने प्रकृति के साथ मानव के संबंध विकसित कर दिए। ताकि मनुष्य को प्रकृति को गंभीर क्षति पहुंचाने से रोका जा सके। यही कारण है कि प्राचीन काल से ही भारत में प्रकृति के साथ संतुलन करके चलने का महत्वपूर्ण संस्कार है। यह सब होने के बाद भी भारत में भौतिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति पददलित हुई है। लेकिन, यह भी सच है कि यदि ये परंपराएं न होतीं तो भारत की स्थिति भी गहरे संकट के किनारे खड़े किसी पश्चिमी देश की तरह होती। हिन्दू परंपराओं ने कहीं न कहीं प्रकृति का संरक्षण किया है। हिन्दू धर्म का प्रकृति के साथ कितना गहरा रिश्ता है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि दुनिया के सबसे प्राचीन ग्रंथ गग्वेद का प्रथम मंत्र ही अग्नि की स्तुति में रचा गया है। कार्यक्रम का संचालन संचालन दलनायक ललित तायवाड़े ने व आभार कृष्णा पंवार ने व्यक्त किया। इस अवसर विनोद बारमासे, माखन सातपुते, प्रदीप पंद्राम, जगदीश पटैय्या, शिवप्रकाश पंवार, भीम धुर्वे, हंसाराम यादव, शिवदीन भलावी, संतोष चौकिकर, संतोष करोले सहित रासेयो स्वयंवेक संजय उइके, अलकेश पंवार, मोहन परमार, मनोज बामने, राकेश उइके, रूपेश तायवाड़े, मनीष कोसे, राहुल मतलाने, मनीष सेवतिया, अजीत मोरे, रचित पाल, कैलाश शनिचरे, संजय कलमें, योगेश्वर पहाड़े, सीताराम धुर्वे, कृष्णा पंवार आदि मौजूद थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:52

## Newspaper Report of SwachataAbhiyan

**15/11/2018**

# रेल्वे स्टेशन पर स्वच्छता एवं मतदान के लिए संपर्क किया



बैतूल। जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बैतूल रेल्वे स्टेशन पर स्वच्छता एवं मतदान के लिए यात्रियों से संपर्क किया। रेल्वे प्रशासन के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में भी पूछा। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार ने बताया कि स्वयंसेवकों ने मुसाफिरों से पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, कूड़ेदान, रेल्वे कैंटिन की व्यवस्था, टिकिट बुकिंग, व्हील चेयर आदि सवालों को पूछकर फार्म भरे। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक वोंके पालीवाल, सीजीएस श्याम धुर्वे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रो.राजेश शेषकर, ललित तायवाड़े, प्रकाश झरबड़े, अमरदीप भालेकर, मनोज वामने, गायत्री धुर्वे, रूपेश तायवाड़े, आकाश कुमार, संजय ठक्के, ज्योति चरपे, अनुराधा यादव, दिक्षा साबले, दिपाली पांडे, सलोनी सोनी, पगवी यदुवंशी आदि मौजूद थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32

# Newspaper Report on SwachataAbhiyan  Workshop

## 11/06/2017



11 जून 2017

राष्ट्रीय दिव्य दुनिया

## जिलास्तरीय रासेयो प्रशिक्षण व पौधारोपण कार्यशाला आयोजित

# पर्यावरण के प्रति लेनदार ही नही देनदार भी रहें

राष्ट्रीय दिव्य दुनिया, बैतूल

**जेएच कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में 'स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण एवं पौधारोपण' की थीम पर जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्टर शशांक मिश्रा, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना एवं राहुल सिंह परिहार भोपाल, शिक्षाविद मोहन नागर, समाजसेवी विरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश जोसफ के आतिथ्य में व पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. महेन्द्र गिरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

जिसमें कॉलेज परिसर में अतिथ्यों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर बैतूल श्री मिश्रा ने कॉलेज परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग और 2 जुलाई को होने वाले वृहद पौधारोपण की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर अनंत सक्सेना ने कहा कि बैतूल की रासेयो इकाईयां समर्पित भाव से कार्य कर रहीं हैं। यहां के स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण आदि जन सरोकार के कार्यों को भी कुशलता से कर रहें हैं। राहुल परिहार ने कहा कि मुझे विश्वास है कि एक दिन रासेयो के कर्मठ स्वयंसेवक प्रदेश में हरियाली जरूर लाएंगे और हमारे स्वर्ण अतीत को फिर से ताजा करेंगे। दिनेश जोसफ ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर जल संवर्धन का कार्य कर रही है परन्तु सरकार हमारी सहभागिता के बिना इसे अंजाम नहीं दे सकती है। आज जरूरत है कि युवा जल संवर्धन के मुद्दे पर सभी को जागरूक करें और जल स्त्रोतों को रिचार्ज करें।

प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि जेएच कॉलेज में आठ जल संरक्षण वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही 2500 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. महेन्द्र गिरी ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति अपने जीने और सोचने का अंदाज बदलना होगा। हमें यह भी सोचना होगा की पर्यावरण के हम सिर्फ लेनदार ही न रहें हमें देनदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि विश्व में एनएसएस से बेहतर और कोई इकाई नहीं है जो सेवा और देशप्रेम का भाव निःस्वार्थ जागृत कराती है। मंच संचालन संतोष पंवार व स्नेहल सिकरवार द्वारा एवं आभार डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद मिश्रा, डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. ओंकार खाडकर, ओंकार पंवार, डॉ. प्रगति डोंगरे, नीलिमा पीटर, विनोद दवंडे, रासेयो स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, नितेश चढ़ोकार, सोनचंद साहू, राजाराम उबके, सत्यनारायण शुक्ला आदि उपस्थित थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32

## Newspaper Report of Water Conservation Programme



# भूमि में 100 फीट तक ही जल खनिज युक्त एवं पीने योग्य: मोहन नागर

बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बरसाली में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन परियोजना कार्य के अंतर्गत परिसर विकास एवं गाजर घास उन्मूलन अभियान चलाया गया एवं जल संरक्षण विषय पर बौद्धिक सत्र पर्यावरणविद मोहन नागर, सरपंच पुरुषोत्तम यादव, प्राचार्य बीआर हजारे के आतिथ्य में और प्रो. शिवप्रसाद पंवार, गुलाबराव कनाठे, कैलाश यादव की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपी साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर मोहन नागर ने अखंड भारत के केन्द्र बिंदु बरसाली को ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि से अवगत कराया और प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण के घटकों, संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं और भूमि में 100 फिट तक ही जल खनिज युक्त एवं पीने योग्य है। नागर ने कहा कि डेम पानी की समस्या का स्थाई हल नहीं है। कार्यक्रम का संचालन संजय डढ़के ने व आभार दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक संतोष सलामे, छात्रदलनायक दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, भूषण भावसार, अंकेश वास्कर, संदीप ढके, गौरव मेहरा, चन्द्रशेखर राठौर, धार्मिक ढके, दीपांशु सोनी, मोहन कास्दे, अंशुल चौकीकर सहित शासकीय हाई स्कूल बरसाली के छात्र-छात्राओं ने सत्र में सहभागिता की।

Date 19/03/21

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32:12

## Newspaper Report on Cleanliness and Health Awareness Programme

# स्वच्छता और स्वास्थ्य पर बौद्धिक सत्र संपन्न



बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर चिखली आमढाना में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के छटवें दिन बौद्धिक सत्र जिसका विषय स्वच्छता और स्वास्थ्य जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, प्रो. मनोज घोरसे, प्रो.शिव प्रकाश पवार, डॉ. मनोहर गावंडे कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, प्रो।राजेश शेषकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि स्वच्छतां के अभाव में कई बीमरियों घेर लेती हैं इसलिए आवश्यक है कि स्वयं, घर, मोहल्ले सहित अपने आस-पास के स्थल और वातावरण को हमेशा स्वच्छ रखें। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि स्वच्छ रहने के लिए थोड़ा सा ही प्रयास करना पड़ता है परन्तु इसके परिणाम बहुत अच्छे होते हैं। बौद्धिक सत्र के बाद अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। मंच संचालन सतीष सलामें ने व आभार दलनायक संजय उइके ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआर वागद्रे, उपदलनायक निलेश भुसुमकर, दुर्गेश कुमरे, सेवमन शाह, राजा मोरले, राजकुमार मर्सकोले, शांतिलाल, अक्षय मालवी, शानु चौहान, हिमांशु पाटिल आदि स्वयंसेवकों का सरहानीय योगदान रहा। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
09.08.2023 14:32